film: Bombay To Goa singer: Kishore
lyrics: music: R.D. Burmam

(देखा ना हाय रे सोचा ना हाय रे रख दी निशाने पे जान
कदमों में तेरे निकले मेरा दिल है बस यही अरमान) - २

डोले डोले डोले अए अए ,डोले डोले डोले अए अए , डोले डोले अए अए आए

(मिट जायेंगे मर जायेंगे, काम कोई कर जायेंगे
मरके भी चैन ना मिले, तो जायेंगे यारों कहां) - २
अरे ओहो ... हूँ हूँ हूँ
देखा ना हाय ...

(क़ातिल है कौन, कहा नहीं जाये
चुप भी तो रहा नहीं जाये
बुलबुल है कौन, कौन सय्याद
कुछ तो कहो रे मेरि जां) - २
अरे ओहो ... हूँ हूँ हूँ
देखा ना हाय ...

(घर से निकले हम खाके क़सम
छोड़ेंगे पीछा ना हम
सर पे कफ़न बांधे हुए, आये दीवाना यहां) - २
अरे ओहो ... हूँ हूँ हूँ

देखा ना हाय रे सोचा ना हाय रे रख दी निशाने पे जान
कदमों में तेरे निकले मेरा दिल है बस यही अरमान

अभि: हो ओ अल्का: आ

अल्का:

आंखों में बसे हो तुम
(आंखों में बसे हो तुम, तुम्हें दिल में छुपा लूंगी
आंखों में बसे हो तुम, तुम्हें दिल में छुपा लूंगी
जब चाहूं तुम्हें देखूं, आईना बना लूंगी) - २

अभि: हे ए हो ओ

film: Crimial singer: Kumar Shanu, Alka Yagnik
lyrics: Indeewar music: M.M.Kareem

तू मिले दिल खिले और जीने को क्या चाहिये - २

(ना हो तू उदास तेरे पास पास मैं रहूंगा ज़िन्दगी भर) - २
सारे संसार का प्यार मैने तुझी में पाया
तू मिले दिल खिले और जीने को क्या चाहिये - २

चँदा तुझे देखने को निकला करता है
आइना भी ओ ... दीदार को तरसा करता है
इतनी हसीं कोई नहीं - २
हुस्न दोनो जहां का एक तुझमे सिमट के आया
तू मिले दिल खिले और जीने को क्या चाहिये

Darling, every breath you take, every move you make,
I will be there.
What will I do without you, I want to love you forever and ever and ever.

प्यार कभी मरता नहीं हम तू मरते हैं
होते हैं वो लोग अमर प्यार जो करते हैं
जितनी अदा उतनी वफ़ा - २
इक नज़र प्यार से देख लो फिर से ज़िन्दा करदो
तू मिले दिल खिले और जीने को क्या चाहिये - २

ना हो तू उदास तेरे पास पास मैं रहूंगा ज़िन्दगी भर - २
सारे संसार का प्यार मैने तुझी में पाया
तू मिले दिल खिले और जीने को क्या चाहिये - २

This para is for the female version sung by Alka as first para

ग़म है किसे हो सारा जहां चाहे दुश्मन हो
क्या चाहिये हाथों में जो तेरा दामन हो
तू है जहां मन्ज़िल वहां - २
धड़कनों की तरह अपने दिल में मुझको छुपा लो
तू मिले दिल खिले और जीने को क्या चाहिये

film: Saadhanaa singer: Lata lyrics: Sahir music: N. Dutta

औरत ने जनम दिया मर्दों को, मर्दों ने उसे बाज़ार दिया
जब जी चाहा कुचला मसला, जब जी चाहा दुत्कार दिया

तुलती है कहीं दीनारों में, बिकती है कहीं बाज़ारों में
नंगी नचवाई जाती है, ऐय्याशों के दरबारों में
ये वो बेइज़्ज़त चीज़ है जो, बंट जाती है इज़्ज़तदारों में

मर्दों के लिये हर ज़ुल्म रवाँ, औरत के लिये रोना भी खता
मर्दों के लिये लाखों सेजें, औरत के लिये बस एक चिता
मर्दों के लिये हर ऐश का हक़, औरत के लिये जीना भी सज़ा

जिन होठों ने इनको प्यार किया, उन होठों का व्यापार किया
जिस कोख में इनका जिस्म ढला, उस कोख का कारोबार किया
जिस तन से उगे कोपल बन कर, उस तन को ज़लील-ओ-खार किया

मर्दों ने बनायी जो रस्में, उनको हक़ का फ़रमान कहा
औरत के ज़िन्दा जल जाने को, कुर्बानी और बलिदान कहा
क़िस्मत के बदले रोटी दी, उसको भी एहसान कहा

संसार की हर एक बेशर्मी, गुर्बत की गोद में पलती है
चकलों में ही आ के रुकती है, फ़ाकों में जो राह निकलती है
मर्दों की हवस है जो अक्सर, औरत के पाप में ढलती है

औरत संसार की क़िस्मत है, फ़िर भी तक़दीर की होती है
अवतार पयम्बर जनती है, फिर भी शैतान की बेटी है
ये वो बदक़िस्मत माँ है जो, बेटों की सेज़ पे लेटी है

ख़ुदा-ए-बर्तर ...

ख़ज़ा के रस्ते पे जानेवालों को बच के आने की राह देना
दिलों के गुलशन उजड़ न जाए, मुहब्बतों को पनाह देना
जहाँ में जश्न-ए-वफ़ा के बदले, ये जश्न-ए-तीर-ओ-तफ़ंग क्यों है
ख़ुदा-ए-बर्तर ...

ख़ुदा-ए-
बर्तर तेरी ज़मीं पर, ज़मीं की ख़ातिर ये जंग क्यों है
हर एक फ़तह-ओ-ज़फ़र के दामन पे ख़ून-ए-इन्सां का रंग क्यों है
ख़ुदा-ए-बर्तर ...

film: Takkar singer: Kumar Sanu
lyrics: Maya Govind music: Anu Malik

है ए हो ओ

आंखों में बसाया था
(आंखों में बसाया था, तुम्हें दिल में छुपाया था
आंखों में बसाया था, तुम्हें दिल में छुपाया था
जब चाहूं तुम्हें देखूं, आईना बनाया था) -२
आंखों में बसाया था, तुम्हें दिल में छुपाया था

आँखों में अन्धेरा है, वीराना सेहरा है
ना जाने मेरा वो चांद, किस शहर में उतरा है
जीने का बता तू ही, अब क्या अरमान करूं
मर जाने का ऐ दिल, कोई सामान करूं
इक साथ जियेंगे हम
(इक साथ जियेंगे हम, क्यों ख्वाब दिखाया था) - २
जब चाहूं देखूं, आईना बनाया था

क्या जान सकोगे तुम दिन कैसे गुज़रता है
इक पल भी नही गुजरे, हां ऐसे गुज़रता है
ना चैन ही आता है, ना नींद ही आती है
तेरी याद आती है, आकर तड़पाती है
मैंने तो तुझे जानम
मैने तो तुझे जानम पलकों पे बिठाया था - २
जब चाहूं देखूं, आईना बनाया था

है ए हो ओ
आंखों में बसाया था
(आंखों में बसाया था, तुम्हें दिल में छुपाया था
आंखों में बसाया था, तुम्हें दिल में छुपाया था
जब चाहूं तुम्हें देखूं, आईना बनाया था) - २

film: Takkar singer: Abijit, Alka Yagnik
lyrics: Maya Govind music: Anu Malik

अभि: है ए हो ओ ...
अल्का: लाह ला ला ...

अभि: आंखों में बसे हो तुम
(आंखों में बसे हो तुम, तुम्हें दिल में छुपा लूंगा
आंखों में बसे हो तुम, तुम्हें दिल में छुपा लूंगा
जब चाहूं तुम्हें देखूं, आईना बना लूंगा) -२
आंखों में बसे हो तुम, तुम्हें दिल में छुपा लूंगा

अल्का: आंखों में बसे हो तुम
(आंखों में बसे हो तुम, तुम्हें दिल में छुपा लूंगी
आंखों में बसे हो तुम, तुम्हें दिल में छुपा लूंगी
जब चाहूं तुम्हें देखूं, आईना बना लूंगी) -२
आंखों में बसे हो तुम, तुम्हें दिल में छुपा लूंगी

अल्का: तकदीर मेरी अब तो तकदीर तुम्हारी है
जहां दिल था कभी मेरा तस्वीर तुम्हारी है
अभि: ये लब जो तेरे लरज़े मेरे दिल में हुई हलचल
मेरा चैन चुराता है तेरी आँख का काजल
अल्का: अभी चैन चुराया है
(अभी चैन चुराया है, कल तुम्हें चुरा लूँगी) -२
जब चाहूं तुम्हें देखूं, आईना बना लूंगी
अभि: हे ए हो ओ

अभि: तू पास जो मेरे है, क्या काम बहारों से
ये चमकीले नैना, क्या काम सितारों से
अल्का: तेरे नाम की धड़कन हूं तेरे नाम की सांसें हूं
इक पल ना जुदा हो तुम आँखों में आँखें हों
अभि: कोई नामे-ए-वफ़ा पूछे
(कोई नामे-ए-वफ़ा पूछे, मैं नाम तेरा लूंगा) - २
जब चाहूं देखूं, आईना बना लूंगा

हम तो लुट गये खड़े ही खड़े
कहना ही क्या ...

चो: गुमसुम ...

इन होंठों ने मांगा सरगम, सरगम तू और तेरा ही प्यार है
आँखें ढूंढे है जिसको हर दम, हर दम तू और तेरा ही प्यार है
महफ़िल में भी तन्हा है दिल ऐसे, दिल ऐसे
तुझको खो ना दे डरता है ये ऐसे, ये ऐसे
आज मिली ऐसी खुशी झूम उठी दुनिया ये मेरी
तुमको पाया तो पाई ज़िन्दगी
कहना ही क्या ...

film: Hare Rama Hare Krishna singer: Kishore
lyrics: music: R.D. Burman

(देखो ऐ दीवानो, तुम ये काम ना करो
राम का नाम बदनाम ना करो, बदनाम ना करो) - २

राम ने हँस कर सब सुख त्यागे, तुम सब दुख से डर कर भागे
कृष्ण ने कर्म की रीत सिखाई - २
तुमने फ़र्ज़ से आँख चुराई, ओ राम दुहाई
हरे कृष्णा हरे राम **(chorus)**
जीवन नाम है काम का, आराम ना करो
राम का नाम बदनाम ना करो, बदनाम ना करो
देखो ऐ दीवानो ...

राम को समझो, कृष्ण को जानो, नींद से जागो ओ मस्तानो
जीत लो मन को पढ़ के गीता - २
मन ही हारा तो क्या जीता, तो क्या जीता
हरे कृष्णा हरे राम **(chorus)**
जीवन को नशे का तुम गुलाम ना करो
राम का नाम बदनाम ना करो, बदनाम ना करो

देखो ऐ दीवानो, तुम ये काम ना करो
राम का नाम बदनाम ना करो, बदनाम ना करो

film: Do Boond Pani singer: Parween Sultana, Minu Purshottam
lyrics: Kaifi Azmi music: Jaidev

पीतल की मोरी गागरी, दिलड़ी से मोल मंगाई रे - २
पाओं में घुंघरू बांध के, अब पनिया भरन हम जाई रे - २
पीतल की मोरी गागरी

पायलिया बोले छुमक छुमक, बदली है चाल, हाय हाय
बदली है चाल जवानी की - २
चुन्दरिया सरके इधर उधर, बेसर्मी देख, होय होय
बेसर्मी देख दीवानी की - २
बदनामी होगी गाओं में चुन्दरी कहीं जो तूने गँवाई रे - २
पीतल की मोरी गागरी

tinkling laughter

सनसन सनसन जिया करे जब गगरी डूबे पानी में - २
अपना मुखड़ा नया लगे, हम जब जब, होय
हम जब जब देखें पानी में - २
गालों पे लाली आ गई, अरे किस ने ये आग लाई रे - २
पीतल की मोरी गागरी, दिलड़ी से मोल मंगाई रे
पाओं में घुंघरू बांध के, अब पनिया भरन हम जाई रे
पीतल की मोरी गागरी

film: Taj Mahal singer: Lata lyrics: Sahir music: Roshan

खुदा-ए-
बर्तर तेरी ज़मीं पर, ज़मीं की खातिर ये जंग क्यों है
हर एक फ़तह-ओ-ज़फ़र के दामन पे खून-ए-ईन्सां का रंग क्यों है
खुदा-ए-बर्तर ...

ज़मीं भी तेरी, हैं हम भी तेरे, ये मिल्कियत का सवाल क्या है
ये कत्ल-ओ-खूँ का रिवाज़ क्यों है, ये रस्म-ए-जंग-ओ-जदाल क्या है
जिन्हे तलब है जहान भर की, उन्ही का दिल इतना तंग क्यों है
खुदा-ए-बर्तर ...

ग़रीब माँओ शरीफ़ बेहनों को अम्न-ओ-इज्ज़त की ज़िंदगी दे
जिन्हे अता की है तू ने ताक़त, उन्हे हिदायत की रोशनी दे
सरों में किब्र-ओ-गुरूर क्यों हैं, दिलों के शीशे पे जंग क्यों है

दीवाना लेके आया है, दिल का तराना -२
देखो कहीं यारों, ठुकरा ना देना, मेरा नज़राना
दीवाना लेके ...

आज का दिन है, कितना सुहाना, झूम रहा प्यार मेरा
पूरी हों दिल की, सारी मुरादें, खुश रहे यार मेरा
हो हो, चाँद सा जीवन साथी मुबारक
जीवन में आना
दीवाना लेके ...

अपने भी हैं कुछ, ख्वाब अधूरे, कौन अब गिने कितने
सच तो ये है के मेरे, दोस्त के सपने भी, हैं मेरे अपने
हो हो, उसकी खुशी अब, मेरी खुशी है
ऐ दिल-ए-दीवाना
दीवाना लेके ...

film: Best of Sajda singer: Jagjit Singh
lyrics: Zafar Gorakhpuri music:

मौसम को इशारों से बुला क्यों नहीं लेते
रूठा है अगर वो तो मना क्यों नहीं लेते

दीवाना तुम्हारा कोई गैर नहीं
मचला भी तो सीने से लगा क्यों नहीं लेते

खत लिखकर कभी और कभी खत को जलाकर
तन्हाई को रंगीन बन क्यों नहीं लेते

तुम जाग रहे हो मुझको अच्छा नहीं लगता
चुपके से मेरी नींद चुरा क्यों नहीं लेते

film: Best of Sajda singer: Jagjit, Lata
lyrics: Wasim Barelvi music:

ज: मिली हवाओं में उड़ने की वो सज़ा यारों
के मैं ज़मीन के रिश्तों से कट गया यारों

ल: वो बे-खयाल मुसाफ़िर मैं रास्ता यारों
कहां था बस में मेरे उसको रोकना यारों

ज: मेरे कलम पे ज़माने की गर्द ऐसी थी
के अपने बारे मैं ना कुछ भी लिख सका यारों

ल: तमाम शहर ही जिसकी तलाश में ग़म था
मैं उसके घर का पता किस से पूछता यारों

film: Bombay singer: Chitra
lyrics: Mahboob music: A.R. Rahman

in the background : गुमसुम गुमसुम गुपचुप

गुम-सुम, गुम-सुम गुप-चुप
गुम-सुम, गम गुप-चुप
हल-चल, हल-चल हो गयी तेरी
होंठ है तेरे चुप
खल-बल, खल-बल हो गयी तेरी
बैठें हैं गुपचुप
प्यारा-प्यारा चेहरा लेकर देगया इशारा
देखा तेरी आँखों ने है सपना कोई प्यारा
हमसे गोरी ना तू शरमाओ, आ कह दे हमसे ज़रा - २

(कहना ही क्या ये नैन जो एक अन्जान से जो मिले
चलने लगे मोहब्बत के जैसे ये सिलसिले **(background chorus ceases)**
अरमान नये ऐसे दिल में खिले जिनको कभी मैं ना जानूं
वो हमसे हम उनसे कभी ना मिले, कैसे मिले दिल ना जानूं
अब क्या करें, क्या नाम लें, कैसे उन्हे मैं पुकारूं) - २

ग म प ग आ
ग म प नि
ravi: and i loose it here
reeta: [all that stuff in the backgound : -)

पहली नजर में कुछ हम कुछ तुम हो जातें है यूं गुम
नैनो से बरसाए रिम-झिम, रिम-झिम हमपे प्यार का सावन
शर्म थोड़ी-थोड़ी हमको आये तो नज़रें झुक जाएं
सितम थोड़ा-थोड़ा हमपे शोक हवा भी कर जाये
ऐसी चली आँचल उड़े दिल में एक तूफ़ान उठे

(खौं, खौं, खौं खौं खौं)
चुन चुन करती आई चिड़िया

साथ हमारे चले बराती
मैं तो हूँ मुन्ने का हाथी, मुन्ने का हाथी
सीधे दिल्ली जाऊँगा
तेरी दुल्हनिया लाऊँगा
मोर भी आया कौवा भी आया
चूहा भी आया बन्दर भी आया
(खौं, खौं, खौं खौं खौं)
चुन चुन करती आई चिड़िया

ITRANS Song Book: 1185.s

film: Ab Dilli Dur Nahin singer: Lata
lyrics: Shailendra music: Dattaram

माता ओ माता - जो तू आज होती
मुझे यूँ बिलखता अगर देख लेती
तेरा दिल टूट जाता
माता ओ माता

मुझे चूम कर तूने एक दिन कहा था
मेरे लाडले तू तो राजा बनेगा
बेआस, बेघर मैं फिरता हूँ दर-दर
मुझे यूँ भटकता अगर देख लेती
तेरा दिल टूट जातास्
माता ओ माता

इक रात जब नींद मुझको न आई
तूने वो परियों की लोरी सुनाई
तो सपने जगे, नींद पल भर में आई
जग सो रहा है मैं जागूं अकेला
मुझे यूँ तड़पता अगर देख लेती
तेरा दिल टूट जाता
माता ओ माता

ITRANS Song Book: 1186.s

film: Vallah kya baat hai singer: Rafi, Asha, and chorus
lyrics: Prem Dhavan music: Roshan

आ: खनके तो खनके क्यों खनके, जब रात को चमके तारे
मेरा कंगना हाय, हायरे मेरा कंगना
र: अरे समझो तो समझो यूँ समझो, ये हम को करें इशारे
तेरा कंगना हाए, हायरे तेरा कंगना

आ: कंगना थामूं, पायल बोले, आँऊ कौन बहाने से
आँऊ कौन बहाने से, एय
र: जिन को मिलना है यारों से डरते नहीं ज़माने से
डरते नहीं ज़माने से
रोके तो दुनिया क्या रोके

ओ रोके तो दुनिया क्या रोके, जब हम है प्यार के मारे
तेरा कंगना हाय, हायरे तेरा कंगना
आ: खनके तो खनके ...

तिडिर ताडिला लिडिलर लिडिलर तिडिर तडिला होइ होइ

र: आये जवानी जब मस्तानी, रोके लाज के पहरे ना
रोके लाज के पहरे ना, होइ
आ: घूंघट के पट खुल खुल जाये सर पे आंचल ठहरे ना
सर पे आंचल ठहरे ना
सोचे तो सोचे क्या सोचे,
अरे सोचे तो सोचे क्या सोचे, जब नैन मिले मतवारे
मेरा कंगना हाए, हायरे मेरा कंगना
र: अरे समझो तो समझो ...

आ अ आ अ आ, ओ ओ ओ ओ ओ

आ: प्यार है धोखा जाने दुनिया, फिर दिल धोखा खाए क्यों
फिर दिल धोखा खाए क्यों, ओ ओ
र: तू ही बता दे देख के हम को नज़र तेरी शरमाए क्यों
नज़र तेरी शरमाए क्यों
सरके तो सरके क्यों सरके

अरे सरके तो सरके क्यों सरके, आंचल तेरे सर से प्यारे
तेरा कंगना हाए, हायरे तेरा कंगना
आ: खनके तो खनके ...

तिडिर ताडिला लिडिलर लिडिलर तिडिर तडिला होइ होइ (४)

ITRANS Song Book: 1187.s

film: Mere Jeevan Saathi singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

film: Mera Gaon Mera Desh singer: Lata
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

हाय शरमाऊँ, ओए ओए
हाय शरमाऊँ, किस किस को बताऊँ
ऐसे कैसे मैं सुनाऊँ सब को
अपनी प्रेम कहानियाँ, अपनी प्रेम कहानियाँ
बालम की, बालम की
हाय तीन निशानियाँ

chorus : हाय शरमाऊँ, किस किस को बताऊँ
ऐसे कैसे मैं सुनाऊँ सब को
अपनी प्रेम कहानियाँ, अपनी प्रेम कहानियाँ

पहली निशानी मैं हूँ जिसकी दीवानी - २
रुत जैसी तूफ़ानी ऐसी उनकी जवानी मस्तानी
उसके आगे फीकी लागे हाय सबकी जवानियाँ
chorus-
कुर्ता है नीला रंग पगड़ी का पीला - २
रूप उसका कटीला ऐसा है छैला
रूप उसका कटीला ऐसा है छैला, रंगीला
चाल शराबी, रंग गुलाबी
ते अखाँ मस्तानियाँ
chorus-
आँखों को मींचे देखो साँसों को खींचे - २
वहाँ पीपल के नीचे मेले में सबसे पीछे - २
खड़ा है, नींद उड़ाये, चैन चुराये
ते करे बेइमानियाँ

film: Mera Gaon Mera Desh singer: Lata
lyrics: Anand Bakhshi music: Lakshmikant Pyarelal

आया आया अटरिया पे कोई चोर - ३
ओ भाभी आना ज़रा दीपक जलाना - २
(देखो बलम हैं या कोई और
डर गई मैं के मर गई मैं
के आया आया अटरिया पे कोई चोर) - २

मन ऊपर नीचे, खिड़की के पीछे, अँखियों के नीछे
बैठी मैं सोचूँ साँवरी, फिर का करूँ मैं बावरी
बैरी बलम हो तो चुप रहूँ मैं -२
दूजा कोई हो मचा दूँ मैं शोर
आया आया ...

धोखा खाया है, जी घबराया है, कोई आया है
नैनों में नैन जब गए, आंगन में कंगन बज गए
मैं नाची ऐसे, कठपुतली जैसे
ना जाने खेंची है किसने डोर
आया आया ...

सौ मतदारी, कारी कजरारी, सैंया मैं हारी
देता दिखाई कुछ नहीं, छुप ना गया हो वो कहीं
घर में छिपा तो जाएगा पकड़ा - २
मन में छिपा तो फिर क्या है ज़ोर
आया आया ...

film: Ab Dilli Dur Nahin singer: Rafi
lyrics: Shailendra music: Dattaram

चुन चुन करती आई चिड़िया
दाल का दाना लाई चिड़िया
मोर भी आया कौवा भी आया
चूहा भी आया बन्दर भी आया
(खौं, खौं, खौं खौं खौं)
चुन चुन करती आई चिड़िया

भूख लगे तो चिड़िया रानी
मूँग की दाल पकाएगी, (दाल पकाएगी - २)
कौवा रोटी लाएगा लाके तुझे खिलाएगा
मोर भी आया कौवा भी आया
चूहा भी आया बन्दर भी आया
(खौं, खौं, खौं खौं खौं)
चुन चुन करती आई चिड़िया

चलते चलते मिलेगा भालू
हम बोलेंगे नाचो कालू, (नाचो कालू - २)
मुन्ना ढोल बजाएगा, गाकर इसे नचायेगा
मोर भी आया कौवा भी आया
चूहा भी आया बन्दर भी आया

हे: बालों में सुहाने अंधेरे हैं
गालों पे चमकते सवेरे हैं - २
ल: इस दिल में उजाले तेरे हैं
हाय राम ये नैन लुटेरे हैं - २
हे: तू चंचल धारा, मैं झूमता किनारा
के तेरा मेरा ...

हे: तू नाच के जिस पल(दम?) लहराये
बिजली की अदा भी शरमाये - २
ल: तू झूम के जिस दम मुस्काये
कलियों को पसीना आ जाये - २
हे: तू प्रीत की वीना, मैं नगमा तिहारा
के तेरा मेरा ...

ITRANS Song Book: 1179.s

film: The best of Sajda singer: Jagjit Singh,Lata
lyrics: Akhtar music:

ल: जो भी बुरा भला है, अल्लाह जानता है
बन्दे के दिल में क्या है, अल्लाह जानता है

ज: ये फ़र्श-ओ-अर्श क्या है, अल्लाह जानता है
परदों में क्या छिपा है, अल्लाह जानता है

ल: जा कर जहां से कोई, वापस नहीं है आता
वो कौन सी जगह है, अल्लाह जानता है

ज: नेकी बदी को अपनी, कितना ही तू छिपाये
अल्लाह को पता है, अल्लाह जानता है

ल: ये धूप छाओं देखो, ये सुबह शाम देखो
सब क्यूं ये हो रहा है, अल्लाह जानता है

ज: क़िस्मत के नाम को तो, सब जानते हैं लेकिन
किस्मत में क्या लिखा है, अल्लाह जानता है

Dictionary :

1. बन्दे - **person**
2. फ़र्श-ओ-अर्श - **earth & sky**
3. नेकी-बदी - **virtue & vice**

ITRANS Song Book: 1180.s

film: Best of Sajda singer: Lata
lyrics: Muzaffar Waris music:

मेरी तस्वीर मैं रंग किसी और का तो नहीं
घेर लें मुझको सब आँखें मैं तमाशा तो नहीं

ज़िन्दगी तुझसे हर इक साँस पे समझौता करूं
शौक जीने का है मुझको मगर इतना तो नहीं

रूह को दर्द मिला दर्द को आँखें ना मिली
तुझको महसूस किया है तुझे देखा तो नहीं

सोचते सोचते दिल डूबने लगता है मेरा
जहन की तह में ''मुज़फ़्फ़र'' कोई दरिया तो नहीं

ITRANS Song Book: 1181.s

film: Asli Naqli singer: Lata
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

लाख छुपाओ छुप न सकेगा राज हो कितना गहरा
दिल की बात बता देता है, असली नक़ली चेहरा

फूल में खुशबू दिल में चाहत कभी न छिपने पाई है
आँख से ढलकी बनकर सुर्खी जब जब आकर दवाई है
सच बातों पर लग नहीं सकता खामोशी का पहरा
दिल की बात बता देता है, असली नक़ली चेहरा

अब न हम को और बताओ हमने तो पहचान लिया
सागर से भी गहरे निकले हमने तुम को जान लिया
जिस के मन में चोर छिपा हो सामने कवि वह ठहरा
दिल की बात बता देता है, असली नक़ली चेहरा

लोग तो दिल को खुश रखने को क्या क्या ढोंग रचाते है
भेष बदल कर इस दुनिया में बहरूपिये बन जाते हैं
मन दरपन में मुखड़ा देखो उतरा रंग सुनहरा
दिल की बात बता देता है, असली नक़ली चेहरा

कि: कहीं किसी रोज़ यूं भी होता
हमारी हालत तुम्हारी होती
ल: जो रातें हमने गुज़ारी मरके
वो रात तुमने गुज़ारी होतीं
बड़ी वफ़ा से, निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफ़ाई ...

कि: उन्हें ये ज़िद थी के हम बुलाते
हमें ये उम्मीद वो पुकारें
ल: है नाम होंठों में अब भी लेकिन
आवाज़ में पड़ गई दरारें

कि: हज़ार राहें, मुड़के देखीं
कहीं से कोई सदा ना आई
ल: बड़ी वफ़ा से, निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफ़ाई ...

ITRANS Song Book: 1176.s

रोजा जान-ए-मन तू ही मेरा दिल
तुझ बिन तरसे नैना
दिल से ना जाती हैं यादें तुम्हारी
कैसे तुम बिन जीना
आँखों में तू है आँसू में तू है
आँखें बंद कर लूं तो मन में भी तू है
ख़्वाबों में तू साँसों में तू, रोजा ...

१) छू के यूं चली हवा जैसे छू गए हो तुम
फूल जो खिले थे वो, शूल बन गए हैं क्यों
जी रहा हूं इस लिये दिल में प्यार है तेरा
ज़ुल्म सह रहा हूं क्यों इन्तज़ार है तेरा
तुमसे मिले बिना जान भी ना जाएगी
क़यामत से पहले सामने तू आएगी
कहां है तू कैसी है तू, रोजा?

२) ठंडी ठंडी आए हवा तेरा काम क्या यहां
मीत नहीं पास में चाँदनी तू लौट जा
फूल क्यों खिले हो तुम ज़ुल्फ़ नहीं वो यहां
झुके झुके आसमान मेरी हँसी ना उड़ा
प्यार के बिना मेरी ज़िन्दगी उदास है
कोई नहीं है मेरा सिर्फ़ तेरी आस है
ख़्वाबों में तू, साँसों में तू, रोजा ...

ITRANS Song Book: 1177.s

film: Devta singer: Lata, Kishore
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

कि : गुलमोहर गर तुम्हारा नाम होता
मौसम-ए-गुल लो हंसाना भी हमारा काम होता
गुलमोहर गर तुम्हारा ...

क : आयेंगी बहारें तो, अबके उन्हे कहना ज़रा, इतना सुने
आयेंगी बहारें तो, अबके उन्हे कहना ज़रा, इतना सुने - २
मेरे गुल बिना, उनका कहां बहार नाम होता
ल: गुलमोहर गर तुम्हारा नाम होता
मौसम-ए-गुल लो हंसाना भी हमारा काम होता
गुलमोहर गर तुम्हारा ...

ल : शाम की गुलाबी से, आँचल में ये दिया जला है चाँद सा
शाम की गुलाबी से, आँचल में ये दिया जल है चाँद सा
मेरे गुल बिना, उनका भला क्या नाम होता
क : गुलमोहर गर तुम्हारा नाम होता
मौसम-ए-गुल लो हंसाना भी हमारा काम होता
ल: गुलमोहर गर तुम्हारा नाम होता
मौसम-ए-गुल लो हंसाना भी हमारा काम होता

ITRANS Song Book: 1178.s

film: Roop ki Rani Choron ka Raja (OLD) singer: Hemant, Lata
lyrics: Hasrat/Shailendra music: Shankar, Jaikishan

हे: तू रूप की रानी, मैं चोरों का राजा
हो तेरा मेरा प्यार निराला
ल: बस एक नजर और एक मुस्कान में
जाने तूने क्या कर डाला

हे: दुनिया में हसीं भी देखे हैं
वो रूप कहां जो तुझमें है -२
ल: सूरज की किरण में गरमी है
वो धूप कहां जो तुझमें है - २
हे: तू धरती का तारा, मैं ज़रा आवारा
के तेरा मेरा ...

शमा जले या ना जले - २

ये तन्हाई हाय रे हाय रे जाने फिर आए ना आए
थाम लो बाहें थाम लो बाहें

१) झूम झूम गाऊं प्यार से शरमाऊं
एक नशा सा मुझे हो चला
तेरी मेरी चाहें रोज़ बढ़ी जाएं
और ना टूटे कभी सिलसिला
देख तेरी मेरी है एक डगरिया, थाम लो बाहें ...

२) आज अपने साथी दीप और बाती
जगमाई मेरी ज़िन्दगी
पाके तेरी साए कौन आगे जाए
तू मिला तो मिली हर खुशी
तन मन चमके है जैसे बिजुरिया, थाम लो बाहें ...

३) आज समय आया मैं ने तुझे पाया
मैं नशा हूं तेरे प्यार की
फूल नाए लाऊं तुझको महकाऊं
मैं कली हूं तेरे हार की
प्यार की हमारे अमरवा उमरिया, थाम लो बाहें ...

मन भावन के घर जाए गोरी
घूँघट में शरमाए गोरी
बंधी रहे ये प्यार की डोरी
हमें ना भुलाना - ४

१) बचपन के दिन खेल गंवाए
आई जवानी तो बालम आए
तेरे आंगन बंधे बधाई गोरी
क्यों नैना छलकाए गोरी
बंधी रहे ये प्यार की डोरी...

२) इस दुनिया की रीत यही है
हाथ जो थामे मीत वही है
अब हम तो हुए पराए गोरी
फिर तेरे संग जाए गोरी, बंधी रहे ...

३) मस्ती भरे सावन के झूले
तुझको कसम है जो तू भूले
अब के जब वापस आए गोरी
गोद भरी ले आए गोरी, बंधी रहे ...

सावन के रात में ऐसा भी होता है
राही कोई भूला हुआ तूफ़ानों में खोया हुआ
राह में आ जाता है

१) तेरी नजर से इसे देख
दिल से मेरे तुम ये महसूस कर लो
तूफ़ान ये मेरे दिल से उठा है
चाहो तो तुम अपने दामन में भर लो
तूफ़ानों में खोया ...

२) हारा हुआ था अंधेरे को राही
मंज़िल से पहले ??? आ रही थी
तुम दूर लेकर चली आई
मेरे चरागों से लौ जा रही थी
तेरे लिये ??? हैं हम दिल जानता है
तूफ़ानों में ...

film: Thodi Si Bewafai singer: Kishore, Lata
lyrics: Gulzar music: Khayyam

कि: हज़ार राहें, मुड़के देखीं
कहीं से कोई सदा ना आई
ल: बड़ी वफ़ा से, निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफ़ाई ...

कि: जहाँ से तुम मोड़ मुड़ गये थे - २
वो मोड़ अब भी वही खड़े हैं
ल: हम अपने पैरों में जाने कितने - २
भंवर लपेटे हुए खड़े हैं
बड़ी वफ़ा से, निभाई तुमने
हमारी थोड़ी सी बेवफ़ाई ...

ITRANS Song Book: 1168.s

film: Durgesh Nandini singer: Lata
lyrics: Rajinder Krishan music: Hemant Kumar

कहां ले चले हो बतादो मुसाफ़िर
सितारों से आगे ये कैसा जहां है
खयालों की मंज़िल ये ख्वाबों की महफ़िल
समझ में ना आये ये दुनिया कहां है

कहां रह गये क़ाफ़िलें बादलों के
ज़मीन छुप गयी है तले बादलों के
है मुझको यक़ीं के ये जन्नत वहीं है
अजब सी फ़िज़ा है, अजब ये समा है
कहां ले चले हो

नज़र की दुआ का जवाब आ रहा है
मेरी आरज़ू का शबाब आ रहा है
ये खामोशियां भी हैं इक दास्तां कोई
कहता है मुझसे मोहब्बत जवां है
कहां ले चले हो

ITRANS Song Book: 1169.s

film: Shart singer: Hemant Kumar, Lata
lyrics: S.H.Behari music: Hemant Kumar

हे: देखो वो चाँद चुपके करता है क्या इशारे
ल: शायद ये कह रहा है, हम हो गये तुम्हारे
हो गये तुम्हारे, देखो ...

ल: उल्फ़त का आज हमने इक़रार कर लिया है
लेकिन ये कौन जाने किस्मत में क्या लिखा है
मंजिल को चल पड़े हैं तक़दीर के सहारे
हो गये तुम्हारे, देखो ...

हे: ऐसा ना हो कि हमको रस्ते में छोड़ जाओ
जाकर कहीं किसीकी दुनिया नई बसाओ
मंझधार में रहे हम, लग जाओ तुम किनारे
हो गये तुम्हारे, देखो ...

ल: दिल में सिवा तुम्हारे कोई नहीं हमारे
ये अपने दिल से पूछो क्या दिल में है तुम्हारे
देंगे मेरी गवाही कुदरत के ये नज़ारे
हो गये तुम्हारे, देखो ...

ITRANS Song Book: 1170.s

film: Lalarukh singer: Rafi
lyrics: Kaifi Azmi music: Khayyam

है कली कली के लब पर, तेरे हुस्न का फ़साना
मेरे गुत्सिताँ का सब कुछ, तेरा सिर्फ़ मुस्कुराना

ये खुले खुले से गेसू, उठे जैसे बदलियां सी,
ये झुकी झुकी निगाहें, गिरे जैसे बिजलियां सी
तेरे नाचते कदम में है बहार का खज़ाना
है कली कली के लब पर, तेरे हुस्न का फ़साना ...

तेरा झूमना मचलना, जैसे सर (?) बदल बदल के
मेरा दिल धड़क रहा है, तू लचक सम्भल सम्भलके
कहीं रुक ना जाये ज़ालिम इस मोड़ पर ज़माना
है कली कली के लब पर, तेरे हुस्न का फ़साना ...

ITRANS Song Book: 1171.s

film: Paapi singer: Rafi
lyrics: Rajinder Krishan music: S. Mohinder

तेरा काम है जलना परवाने, चाहे शमा जले या ना जले
शमा जले या ना जले
तू पंख जलाले दीवाने, चाहे शमा जले या ना जले
शमा जले या ना जले

ये दर्द मोहब्बत का सह जा, तू आग के दरिया में बहजा
कहती जो दुनिया कहने दे, तू जलते जलते ये कहजा
यूं जल मरते हैं दीवाने, चाहे शमा जले या ना जले
शमा जले या ना जले

तेरा प्यार नहीं है हरजाई, तू सौदाई है सौदाई
मरने मैं है शान मोहब्बत की, जीने में है तेरी रुसवाई,
मरते नहीं जल कर परवाने, चाहे शमा जले या ना जले
शमा जले या ना जले

तेरा काम है जलना परवाने, चाहे शमा जले या ना जले

फूल सा कोमल, बाण मदन का - २
शूल बनके तन में चुभ जाता,
तुम्हरे शुर के बिरहा तप में
आग बनी पूनम
ओ निर्दई प्रीतम - २

आ ...
तुम मधुबन के रमर सयाने
बन की कली तेरा हृदय ना जाने
गुंजन में क्या, मन में क्या था
प्रीत या चाल था, क्या पहचाने
चित के चोर, कठोर हृदय के
क्यों मिले थे हम
ओ निर्दई प्रीतम

ओ निर्दई प्रीतम
प्रणय जगा के,
हृदय चुरा के,
चुप हुए क्यों तुम,
ओ निर्दई प्रीतम

film: Masoom singer: Vanita Mishra, Gurpreet Kaur, Gauri Bapat
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

लकड़ी की काठी काठी पे घोड़ा
घोड़े की दुम पे जो मारा हथौड़ा
दौड़ा दौड़ा दौड़ा घोड़ा दुम उठा के दौड़ा

घोड़ा पहुंचा चौक में चौक में था नाई
घोड़ेजी की नाई ने हज़ामत जो बनाई
चग-बग चग-बग चग-बग चग-बग
घोड़ा पहुंचा चौक ...
दौड़ा दौड़ा दौड़ा घोड़ा दुम उठा के दौड़ा

घोड़ा था घमंडी पहुंचा सब्जी मंडी
सब्जी मंडी बरफ़ पड़ी थी बरफ़ में लग गई ठंडी
चग-बग चग-बग चग-बग चग-बग
घोड़ा था घमंडी ...
दौड़ा दौड़ा दौड़ा घोड़ा दुम उठा के दौड़ा

घोड़ा अपना तगड़ा है देखो कितनी चरबी है
चलता है महरौली में पर घोड़ा अपना अरबी है
चग-बग चग-बग चग-बग चग-बग
घोड़ा अपना तगड़ा है ...
बांह (??) छूड़ा के दौड़ा घोड़ा दुम उठा के डौड़ा

लकड़ी की ...

film: Amardeep (1958) singer: Rafi, Asha
lyrics: Rajinder Krishan music: C.Ramchandra

आ: **hmmm** ...
र: देख हमें आवाज़ ना देना
आ: देख हमें आवाज़ ना देना
ओ बेदर्द ज़माने, ओ बेदर्द ज़माने
र: आज चले हम छोड़के तुझको
दुनिया नई बसाने, ओ बेदर्द ज़माने

र: चमका शाम का पहला तारा - २
आ: गगन दुलारा
सबसे पहले उसने देखा प्यार हमारा - २
र: आने वाली रात सुनेगी - २
र, आ: तेरे मेरे तराने
ओ बेदर्द ज़माने
आ: देख हमें आवाज़ ना देना
ओ बेदर्द ज़माने, ओ बेदर्द ज़माने

आ: दूर कहीं एक पंछी गाये
र: ये समझाये
आ: दूर कहीं एक पंछी गाये
र: ये समझाये
प्यार में हो जातें हैं अपने दर्द पराये - २
अ: दिल की धड़कन क्या होती है
दिल की धड़कन क्या होती है
र, आ: प्यार करें तो जाने
ओ बेदर्द ज़माने

आ: देख हमें आवाज़ ना देना
ओ बेदर्द ज़माने, ओ बेदर्द ज़माने
आज चले हम छोड़ के तुझको
दुनिया नई बसाने, ओ बेदर्द ज़माने
हम ...

किसको क़ातिल मैं कहूं किसको मसीहा समझूं
सब यहां दोस्त ही बैठे हैं किसे क्या समझूं

वो भी क्या दिन थे के हर वहम यकीन होता था
अब हक़ीकत नज़र आये तो उसे क्या समझूं

दिल जो टूटा तो कई हाथ दुआ को उठे
ऐसे माहौल में अब किसको पराया समझूं

ज़ुल्म ये है के है यक़्ता तेरी बेगानारवी
लुत्फ़ ये है के मैं अब तक तुझे अपना समझूं

Dictionary :

1. मसिहा- **messiah**
2. वहम- **doubt**
3. यक़्ता- **rigid**
4. बेगानारवी- **indifference**
5. लुत्फ़- **pleasure**

ITRANS Song Book: 1163.s

film: singer: Mukesh lyrics: Kaif Irfani music:

जियेंगे मगर मुस्कुरा ना सकेंगे,
के अब ज़िन्दगी में मोहब्बत नहीं है
लबों पे तराने अब आ ना सकेंगे,
के अब ज़िन्दगी में मोहब्बत नहीं है

बहारें चमन में जब आया करेंगी,
नज़ारों की महफ़िल सजाया करेंगी
नज़ारें भी हमको हँसा ना सकेंगे,
के अब ज़िन्दगी में मोहब्बत नहीं है

जवानी जो लायेगी सावन की रातें,
ज़माना करेगा मोहब्बत की बातें
मगर हम ये सावन मना ना सकेंगे,
के अब ज़िन्दगी में मोहब्बत नहीं है

ITRANS Song Book: 1164.s

film: Rattan singer: Zohrabai Ambalewali
lyrics: G. N. Madhok music: Naushad

आई दीवाली, आई दीवाली - २
दीपक संग नाचे पतंगा
मैं किसके संग नाचूं बताजा
आई दीवाली, आई दीवाली ...

(बचपन जवानी संग नाचके चला गया
अब नाचे जवानी बुढ़ापे संग वो दिन आ गया) - २
अब नाचे जवानी बुढ़ापे संग वो दिन आ गया
बिछड़े हुए साथी ज़रा आ
मैं किसके संग नाचूं बताजा
आई दीवाली, आई दीवाली ...

(किसको गुमान था वो दिन भी गुज़र जायेंगे
और एक बार जाके वो फिर लौट के ना आयेंगे) - २
बिछड़े हुए साथी ज़रा आ
मैं किसके संग नाचूं बताजा

(आई दीवाली, आई दीवाली) - २
दीपक संग नाचे पतंगा
मैं किसके संग नाचूं बताजा
आई दीवाली, आई दीवाली ...

ITRANS Song Book: 1165.s

film: Stree (1961) singer: Lata
lyrics: Bharaat Vyaas music: C. Ramchandra

ओ निर्दई प्रीतम

ओ निर्दई प्रीतम
प्रणय जगा के
हृदय चुरा के
चुप हुए क्यों तुम
ओ निर्दई प्रीतम

ये चन्दा शीतल कहलाता
फिर क्यों मेरे अंग जलाता

फ़कत नाम तो उसने पहने थे कपड़े
अजंता की मूरत नज़र आ रही थी, नज़र आ रही थी
कोई मनचला उससे टकरा गया, कोई मनचला उससे टकरा गया
(मेरे दोस्तों, तुम करो फ़ैसला,
खता किसकी है, किसको दें हम सज़ा) - २

हुआ हादसा जो, वो कैसे ना होता
के बनके क़यामत वो निकली थी घर से, वो निकली थी घर से
ना देखे कोई तो शराफ़त है उसकी
जो देखे तो कुछ भी झुके ना नजर से, झुके ना नजर से
कोइ दिलजला मुफ़्त मारा गया, कोइ, दिलजला मुफ़्त मारा गया
(मेरे दोस्तों, तुम करो फ़ैसला,
खता किसकी है, किसको दें हम सज़ा) - २

हसीं तो हमेशा हसीं थे मगर,
हसीं तो हमेशा हसीं थे मगर, कभी रास्तों पे निकलते ना थे
बदलते थे वो भी कई रूप लेकिन, नये रोज़ फ़ैशन बदलते ना थे
गया एक तो दूसरा आ गया आ, गया, एक तो, दूसरा आ गया
(मेरे दोस्तों, तुम करो फ़ैसला,
खता किसकी है, किसको दें हम सज़ा) - २

film: singer: Mahendra Kapoor lyrics: music: O.P. Nayyar

मेरा प्यार वो है के, मर कर भी तुमको **(slow)**
जुदा अपनी बाहों से होने न देगा
मेरा प्यार वो है के, मर कर भी तुमको
जुदा अपनी बाहों से होने न देगा
मिली मुझको जन्नत तो जन्नत के बदले
खुदा से मेरी जां तुम्हें मांग लेगा
मेरा प्यार वो है

ज़माना तो करवट बदलता रहेगा
नए ज़िन्दगी के तराने बनेंगे
मिटेगी न लेकिन मुहब्बत हमारी
मिटाने के सौ सौ बहाने बनेंगे
हक़ीकत हमेशा हक़ीकत रहेगी
कभी भी न इसका फ़साना बनेगा
मेरा प्यार वो है के ...

तुम्हें छीन ले मेरी बाहों से कोई
मेरा प्यार यूं बेसहारा नहीं है
तुम्हारा बदन चांदनी आके छूले
मेरे दिल को ये भी गवारा नहीं है
खुदा भी अगर तुमसे आके मिलेगा
तुम्हारी क़सम है मेरा दिल जलेगा
मेरा प्यार वो है के ...

film: Best of Sajda singer: Lata lyrics: Saba Afghani music:

तेरे जलवे अब मुझे हरसू नज़र आने लगे
काश ये भी हो के मुझमे तू नज़र आने लगे

इब्तदा ये थी के देखी थी खुशी की एक झलक
इन्तहा ये है के ग़म हरसू नज़र आने लगे

बेक़रारी बढ़ते बढ़ते दिल की फ़ितरत बन गयी
शायद अब तस्कीन का पहलू नज़र आने लगे

खत्म करदे आई सबा अब शाम-ए-ग़म की दास्तां
देख उन आँखों में भी आँसू नजर आने लगे

Dictionary :

1. हरसू - **everywhere**
2. इब्तदा - **begining**
3. इन्तहा - **end**
4. फ़ितरत - **nature**
5. तस्कीन का पहलू - **peace of mind**

---

film: Best of sajda singer: Jagjit Singh
lyrics: Ahmed Nadeem Qasmi music:

कैसे कैसे ख्वाब ये दिल
दिल कहता है ... तू है यहां तो
जाता लम्हा थम जाये
वक़्त का दरिया बहते बहते
इस मंजर में जम जाये
तूने दीवाना दिल को बनाया,
इस दिल पे इल्ज़ाम है क्या,
सागर जैसी आँखों वाली,
ये तो बता तेरा नाम है क्या
चेहरा है या ...

हो, आज मैं तुझसे दूर सही
और तू मुझसे अन्जान सही ...
तेरा साथ नहीं पाऊं तो
गैर तेरा अरमान सही ...
ये अरमान हैं शोर नहीं हो
खामोशी के मेले हों
इस दुनिया में कोई नहीं हो
हम दोनो ही अकेले हों
तेरे सपने देख रहा हूँ,
और मेरा अब काम है क्या
सागर जैसी आँखों वाली ,
ये तो बता तेरा नाम है क्या

चेहरा है या ...

film: C.I.D singer: Shamshad, Asha, Rafi
lyrics: Majrooh music: O.P. Nayyar

लेके पहला पहला प्यार
भरके आँखों मैं खुमार
जादू नगरी से आया है कोई जादूगर
लेके पहला पहला प्यार ...

उसकी दीवानी हाय कहूं कैसे हो गई
जादूगर चला गया मैं तो यहां खो गई
नैना जैसे हुए चार
गया दिल का क़रार
जादू नगरी से आया है कोई जादूगर
लेके पहला पहला प्यार ...

तुमने तो देखा होगा उसको सितारों
आओ ज़रा मेरे संग मिलके पुकारो
दोनो होके बेक़रार
ढूँढे तुझको मेरा प्यार
जादू नगरी से आया है कोई जादूगर
लेके पहला पहला प्यार ...

जब से लगाया तेरे प्यार का काजल
काली काली बिरहा की रतियां हैं बेकल
आजा मन के श्रृंगार
करे बिन्दिया पुकार
जादू नगरी से आया है कोई जादूगर
लेके पहला पहला प्यर ...

मुखड़े पे डाले हुए ज़ुल्फ़ों की बदली
चली बलखाती कहां रुक जा ओ पगली
नैनों वाली तेरे द्वार
लेके सपने हज़ार
जादू नगरी से आया है कोई जादूगर
लेके पहला पहला प्यार ...

चाहे कोई चमके जी चाहे कोई बरसे
बचना है मुश्किल पिया जादूगर से
देगा ऐसा मन्तर मार
आखिर होगी तेरी हार
जादू नगरी से आया है कोई जादूगर
लेके पहला पहला प्यार ...

सुन सुन बातें तेरी गोरी मुस्काई रे
आई आई देखो देखो आई हँसी आई रे
खेले होठों पे बहार
निकला गुस्से से भी प्यार
जादू नगरी से आया है कोई जादूगर
लेके पहला पहला प्यार ...

film: Dostana singer: Kishore
lyrics: music: Laxmikant, Pyarelal

बहुत खूबसुरत जवान एक लड़की
सड़क पे अकेली चली जा राही थी ...

बिछड़ गये हैं कई रांझे, अपनी हीरों से
किसी को अपने मुक़द्दर पे, इख्तियार नहीं
मेरे नसीब में ...

खिज़ा के फूल पे आती कभी बहार नहीं
मेरे नसीब में ऐ दोस्त, तेरा प्यार नहीं

film: Sharda singer: Lata, Asha
lyrics: Rajinder Krishan music: C. Ramchandra

ल : ओ चाँद जहाँ वो जाये - २
तू भी साथ चले जाना,
कैसे हैं, कहां हैं वो,
हर रात खबर लाना,
ओ चाँद जहाँ वो जाये, ओ चाँद

वो राह अगर भूले, आ ...
वो राह अगर भूले,
तू राह दिखा देना,
परदेस में राही को,
मंज़िल का पता देना,
है पहला सफ़र उनका,
और रीत हैं अन्जाना,
हर रात खबर लाना,
ओ चाँद जहाँ वो जाये, ओ चाँद

आ : कहना मेरे होंठों पर, आ ...
कहना मेरे होंठों पर,
रुकती हुई आहें हैं,
या रस्ता उनका है - २
या मेरी निगाहें हैं,
बेताब मुहब्बत का,
बेताब है अफ़साना,
ओ चाँद जहाँ वो जाये, ओ चाँद

ल : (है चाँद क़सम मेरी,
कुछ और ना तू कहना) - २

आ : (कहना के मेरा तुम बिन,
मुश्किल है यहां रेहना) - २

ल : एक दर्द के मारे को,
अच्छा नहीं तड़पाना,
हर रात खबर लाना,

ल और आ : ओ चाँद जहाँ वो जाये,
ओ चाँद जहाँ वो जाये, ओ चाँद

film: Savan Ko Ane Do singer: Yesudas
lyrics: Indeewar music: Rajkumar

तुझे देख कर जग वाले पर यकीन नहीं क्यूं कर होगा
जिसकी रचना इतनी सुन्दर वो कितना सुन्दर होगा
वो कितना सुन्दर होगा

तुझे देखने को मैं क्या हर दर्पण तरसा करता है
ज्यों तुलसी के बिरवा को हर आंगन तरसा करता है
हर आंगन तरसा करता है
अपना रूप दिखाने को ... हो हो ओ हो
अपना रूप दिखाने को तेरे रूप में खुद ईश्वर होगा
जिसकी रचना ...

रूप रंग रस का संगम आधार तू प्रेम कहानी का
मेरे प्यासे मन में यूं उतरी ज्यों रेत में झरना पानी का
ज्यों रेत में झरना पानी
रोम रोम तेरा रस की गंगा ... हो हो ओ हो
रोम रोम तेरा रस की गंगा रूप का वो सागर होगा
जिसकी रचना ...

film: Saagar singer: Kishore lyrics: music: R.D. Burman

(हो, चेहरा है या चाँद खिला है
ज़ुल्फ़ घनेरी शाम है क्या) - २
सागर जैसी आँखों वाली
ये तो बता तेरा नाम है क्या ...

तू क्या जाने तेरी खातिर
कितना है बेताब ये दिल
तू क्या जाने देख रहा है

उसके सीने में समा जाये हमारी धड़कन
इतनी कुर्बत हैं तो फिर फ़ासला इतना क्यों हैं ?

दिल-ए-बरबाद से निकला नहीं अब तक कोई
एक लुटे घर पे दिया करता हैं दस्तक कोई
आस जो टूट गयी फिर से बंधाता क्यों हैं ?

तुम मसर्रत का कहो या इसे ग़म का रिश्ता
कहते हैं प्यार का रिश्ता हैं जनम का रिश्ता
हैं जनम का जो ये रिश्ता तो बदलता क्यों हैं ?

कुरबत = **nearness (opposite of dooree)**
मसर्रत = **happiness**

---

film: Anhoni singer: Talat lyrics: Satyendra music: Roshan

मैं दिल हूँ इक अरमान भरा
तू आके मुझे पहचान ज़रा
मैं दिल हूँ इक अरमान भरा

खुद मैने हुस्न के हाथों में,
शोखी का छलकता जाम दिया
गालों को गुलाबों का रुतबा,
कलियों को लबों का नाम दिया, नाम दिया
आँखों को दिया सागर गहरा - २
तू आके मुझे पहचान ज़रा

ये सच है, तेरी महफ़िल में,
मेरे अफ़साने कुछ भी नहीं
पर दिल की दौलत के आगे
दुनिया के खज़ाने कुछ भी नहीं
यूं मुझसे निगाहों को ना चुरा - २
तू आके मुझे पहचान ज़रा

film: Bharosaa singer: Lata, Mahendra lyrics: music:

फ़: आज की मुलाकात बस इतनी,
कर लेना बातें कल चाहे जितनी
म: अच्छी नहीं होती है ज़िद इतनी,
देखो हमें तुमसे है प्रीत कितनी

फ़: प्यार जो किया है जताते हो क्यूं,
बात ऐसी होठों पे लाते हो क्यूं
म: और हम जो पूछें सताते हो क्यूं,
अभी अभी आये अभी जाते हो क्यूं

म: कभी कभी ऐसे भी आया करो
चाँद निकले तो घर जाया करो
फ़: आयेंगे जायेंगे मरज़ी से हम
प्यार है तो नाज़ भी उठाया करो

म: ठहरो मैं दिल को सम्भालूं ज़रा
पलकों में तुमको छुपा लूं ज़रा
फ़: समझे ना अब तक मोहब्बत है क्या
आओ तुम्हे ये भी समझा दूं ज़रा

film: Do Raaste singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

खिज़ा के फूल पे आती कभी बहार नहीं
मेरे नसीब में ऐ दोस्त, तेरा प्यार नहीं
मेरे नसीब में ऐ दोस्त, तेरा प्यार नहीं ...

ना जाने प्यार में कब मैं, जुबां से फिर जाऊं
मैं बनके आँसू खुद अपनी, नज़र से गीर जाऊं
तेरी क़सम है मेरा कोई, ऐतबार नहीं
मेरे नसीब में ...

मैं रोज़ लब पे नई एक, आह रखता हूँ
मैं रोज एक नये ग़म की राह तकता हूँ
किसी खुशी का मेरे दिल को, इन्तज़ार नहीं
मेरे नसीब में ...

गरीब कैसे मोहब्बत, करे अमीरों से

साँसों में सितारों का खिलना
मैं जब भी अकेली होती हूँ ...

मुड़ मुड़ के तुम्हारा रस्ते में तकना वो मुझे जाते जाते
और मेरा ठिठक कर रुक जाना चिलमन (curtain) के करीब आते-आते
नज़रों का तरसकर रह जाना एक और झलक पाते-पाते
मैं जब भी अकेली होती हूँ ...

रो-रोके तुम्हे खत लिखती हूं और खुद पढ़कर रो लेती हूँ
हालत के तपते तूफां में जज़बात की कश्ती खेती (row) हूँ
कैसे हो कहां हो कुछ तो कहो, मैं तुमको सदायें देती हूँ
मैं जब भी अकेली होती हूँ ...

बरसात के भीगे मौसम में, सर्दी की ठिठरती रातों में
पहरों वो यूंही बैठे रहना, हाथों को पकड़कर हाथों में
और लम्बी-लम्बी घड़ियों का कट जाना बातों-बातों में
मैं जब भी अकेली होती हूँ ...

film: Roti, KapaDa aur Makan singer:
lyrics: music: Mukesh, Lata, ?

उसने कहा तू कौन है, मैंने कहा उल्फ़त तेरी
उसने कहा तकता है क्या, मैंने कहा सूरत तेरी
उसने कहा चाहता है क्या, मैंने कहा चाहत तेरी
मैंने कहा समझा नहीं, उसने कहा क़िस्मत तेरी

एक हमें आँख की लड़ाई मार गई
दूसरी तो यार की जुदाई मार गई
तीसरी हमेशा की तन्हाई मार गई
चौथी ये खुदा की खुदाई मार गई
बाकी कुछ बचा तो मंहगाई मार गई

१) तबीयत ठीक थी और दिल भी बेक़रार ना था
ये तब की बात है जब किसी से प्यार ना था
जब से प्रीत सपनों में समाई मार गई
मन के मीठे दर्द की गहराई मार गई
नैनों से नैनों की सगाई मार गई
सोच सोच में जो सोच आई मार गई,
बाकी कुछ बचा ...

२) कैसे वक़्त में आ के दिल को दिल की लगी बीमारी
मंहगाई की दौर में हो गई मंहगी यार की यारी
दिल की लगी दिल को जब लगाई मार गई
दिल ने की जो प्यार तो दुहाई मार गई
दिल की बात दुनिया को बताई मार गई
दिल की बात दिल में जो छुपाई मार गई,
बाकी कुछ बचा ...

३) पहले मुट्ठी विच पैसे लेकर
पहले मुट्ठी में पैसे लेकर थैला भर शक्कर लाते थे
अब थैले में पैसे जाते हैं मुट्ठी में शक्कर आती है
हाय मंहगाई मंहगाई ...
दुहाई है दुहाई मंहगाई मंहगाई ...
तू कहां से आई, तुझे क्यों मौत ना आई, हाय मंहगाई ...
शक्कर में ये आटे की मिलाई मार गई
पौडर वाले दुद्ध दी मलाई मार गई
राशन वाली लैन दी लम्बाई मार गई
जनता जो चीखी चिल्लाई मार गई,
बाकी कुछ बचा ...

गरीब को तो बच्चों की पढ़ाई मार गई
बेटी की शादी और सगाई मार गई
किसी को तो रोटी की कमाई मार गई
कपड़े की किसी को सिलाई मार गई
किसी को मकान की बनवाई मार गई
जीवन दे बस तिन्न निसान - रोटी कपड़ा और मकान
??? ??? के हर इन्सान
खो बैठा है अपनी जान
जो सच सच बोला तो सच्चाई मार गई
और बाकी कुछ बचा तो मंहगाई मार गई ...

film: Arth singer: Jagjit Singh
lyrics: Kaifi Azmi music: Kuldip singh

कोई ये कैसे बता ये के वो तन्हा क्यों हैं ?
वो जो अपना था वोही और किसी का क्यों हैं ?
यही दुनिया है तो फिर ऐसी ये दुनिया क्यों हैं ?
यही होता हैं तो आखिर यही होता क्यों हैं ?

एक ज़रा हाथ बढ़ा, दे तो पकड़ले दामन

नाम ले ले के दुहाई दिया करते हैं - २
जाने क्यूं लोग मुहब्बत किया करते हैं

ITRANS Song Book: 1146.s

film: Arth singer: Chitra Singh
lyrics: Iftikhar Immam Siddiqui music: Kuldip Singh

तू नहीं तो ज़िन्दगी मैं और क्या रह जायेगा - ३
दूर तक तन्हाइयों का सिलसिला रह जायेगा ...
तू नहीं तो ...

दर्द की सरी तहें और सारे गुज़रे हादसे - २
सब धुआँ हो जायेंगे एक वाक़िया रह जायेगा ...
तू नहीं तो ज़िन्दगी मैं और क्या रह जायेगा ...
तू नहीं तो ...

यूं भी होगा वो मुझे दिल से भुला देगा मगर (२)
ये भी होगा खुद उसी मैं एक खला रह जायेगा ...
तू नहीं तो ज़िन्दगी मैं और क्या रह जायेगा ...
तू नहीं तो ...

दायरे इन्कार के इकरार की सरहोशियां ...(२)
ये अगर टूटे कभी तो फ़ासला रह जायेगा ...
तू नहीं तो ज़िन्दगी मैं और क्या रह जायेगा ...
तू नहीं तो ...

ITRANS Song Book: 1147.s

film: singer: Lata, Mahendra Kapoor lyrics: music:

ल: ये कली जब तलक फूल बन के खिले,
इन्तज़ार, इन्तज़ार, इन्तज़ार करो, इन्तज़ार करो
रफ़ी: इन्तज़ार वो भला क्या करे, तुम जिसे
बेकरार, बेकरार, बेकरार करो,
ल: इन्तज़ार करो

म: प्यार में प्यार की भी इजाज़त नहीं -२
बेरुखी है अजी ये मुहौब्बत नहीं
ल: आ रहा है मज़ा, तुम शिकायत यही,
बार बार, बार बार, बार बार करो, इन्तज़ार करो

ल: हुस्न पे तो असर होने वाला नहीं -२
इश्क़ तुम को ना कर दे दीवाना कहीं
म: है ये दीवानगी भी क़ुबूल, तुम अगर
हमसे प्यार, हमसे प्यार, हमसे प्यार करो,
ल: इन्तज़ार करो

म: रोज़ हमने बयान ये फ़साना किया -२
रोज़ तुमने नया एक बहाना किया
ल: ये बहाना मगर, आखिरी है सनम
ऐतबार, ऐतबार, ऐतबार करो, इन्तज़ार करो

ITRANS Song Book: 1148.s

film: Shah Jahan singer: K.L. Saigal lyrics: music:

ऐ दिल-ए-बेक़रार झूम, ऐ दिल-ए-बेक़रार झूम - २

अब्र-ए-बहार आ गया, दूर-ए-खिज़ा चला गया - २
इश्क़ मुराद पा गया, हुस्न की मच रही है झूम (ऐ दिले ...)

छिटकी हुई है चांदनी, मस्ती में है कली कली - २
झूम रही है ज़िन्दगी, तू भी हज़ार बार झूम (ऐ दिले ...)

तारे हैं माहताब है, हुस्न है और शबाब है - २
ज़िन्दगी कामयाब है, आरज़ूओं का है हजूम (ऐ दिले ...)

तेरा नशा तेरा खुमार, अब है बहार है बहार - २
पीके खुशी में बार बार, पीर-ए-जवां के हाथ चूम (ऐ दिले ...)

ITRANS Song Book: 1149.s

film: Dharamputra singer: Asha
lyrics: Sahir/Shakeel ? music: N. Datta

मैं जब भी अकेली होती हूँ, तुम चुपके से आ जाते हो
और झाँक के मेरी आँखों में बीते दिन याद दिलाते हो
मैं जब भी अकेली होती हूँ ...

मस्ताना हवा के झोंके से हर बार वो परदे का हिलना
परदे को पकड़ने की धुन में, दो अजनबी हाथों का मिलना
आँखों में धुआँ सा छा जाना,

जान रे, जान रे, आजा तुझमें समा जाऊं मैं
दिल रे दिल रे, तेरी सांसों में बस जाऊं मैं

चाहत है अगर आके मुझसे मिल जा तू
या फिर ऐसा कर, धरती से मिला दे मुझको
तू ही रे, तू ही रे तेरे बिना मैं कैसे जियूं
आजा रे, आजा रे, यूं ही तड़पा ना तू मुझको

आ ...

सौ बार बुलाए मैं सौ बार आऊं,
इक बार जो दिल दिया
इक आँख रोये तो दूजी बोलो,
सोयेगी कैसे भला,
इन प्यार की राहों में पत्थर हैं कितने
उन सब को ही पार किया
इक नदी हूं मैं चाहत भरी आज मिलने
सागर को आई यहां
सजना, सजना, आज आँसू भी मीठे लगे

तू ही रे, तू ही रे तेरे बिना मैं कैसे जियूं
आजा रे, आजा रे, यूं ही तड़पा ना तू मुझको
जान रे, जान रे, इन सासों में बस जा तू
चाँद रे, चाँद रे, आजा दिल की ज़मीन पे तू

पल पल पल पल वक्त तो बीता जाये रे
ज़रा बोल ज़रा बोल वक़्त से के वो थम जाये रे
आई रे, आई रे, ले मैं आई हूं तेरे लिये
जान रे, जान रे, आजा तुझमें समा जाऊं मैं

ITRANS Song Book: 1144.s

film: Anarkali singer: Talat lyrics: music:

तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला ना सकेगी
ये तेरी तरह मुझसे यूं शरमा ना सकेगी

मैं बात करूंगा तो ये खामोश रहेगी
सीने से लगा लूंगा तो ये कुछ ना कहेगी
आराम वो क्या देगी जो तड़पा ना सकेगी

ये आँखें हैं ठहरी हुई, चंचल वो निगाहें
ये हाथ हैं सहमे हुए और मस्त वो बांहें
परछाई तो इन्सान के काम आ ना सकेगी

इन होठों को फ़रियाद मैं कुछ दे ना सकूंगा
